<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>

<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–12 अगस्त 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अधिक उपज वाली फ़सलों की एक सौ नौ क़िस्में की जारी : किसानों और कृषि वैज्ञानिकों से किया संवाद।
- उच्च शिक्षण संस्थानों में पचास प्रतिशत तक बढ़ायी जाएगी नामांकन दर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन की समीक्षा में दिये निर्देश।
- प्रदेश में विधानसभा की सभी रिक्त सीटों पर चुनाव लड़ेगी बहुजन समाज पार्टी। राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक में लिया फैसला।
- सावन का चौथा सोमवार आज। प्रदेश भर के शिवालयों पर जलाभिषेक के लिए लगी श्रद्धालुओं की कतार।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल नई दिल्ली के भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में अधिक पैदावार वाली, जलवायु अनुकूल और जैव सशक्त फसलों की एक सौ नौ किस्में जारी की। इन किस्मों में इकसठ फसलें शामिल हैं जिनमें चौंतीस खेती की तथा सत्ताइस बागवानी की फसलें हैं। खेती की फसलों में बाजरा, तिलहन, दलहन, गन्ना, कपास और अन्य फसलों के बीज शामिल हैं। बागवानी फसलों में फल, सब्जी, कंदमूल, मसाले, फूल और औषधि पौधों के बीज हैं। पीएम मोदी ने बाजरा की ऐसी किस्म भी जारी की है जिसकी फसल सिर्फ सत्तर दिन में तैयार हो जाएगी। सामान्य तौर पर बाजरा की फसल एक सौ दस दिन में तैयार होती है।

प्रधानमंत्री ने किसानों और वैज्ञानिकों से बातचीत भी की। प्रधानमंत्री से जिन किसानों की बातचीत हुई उनमें अमरोहा जिले की चार प्रगतिशील महिला किसान हितेश चौधरी, संध्या, अनीता देवी और प्रिंसी शामिल रहीं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने मोटे अनाज का उल्लेख करते हुए कहा कि लोग पोषक खानपान की ओर आकर्षित हो रहे है। उन्होंने प्राकृतिक खेती के लाभों के बारे में बात करते हुए कहा कि आम जनता का जैविक कृषि पर भरोसा बढ रहा है।

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने संवाददाताओं से बातचीत में फसलों की एक सौ नौ किस्मों के जारी होने के अवसर को अभूतपूर्व बताया। केन्द्रीय कृषि मंत्री ने कहा ...

***हमारे वैज्ञानिकों ने अद्भत काम किया और फसलों की 109 प्रजातियों के बीज तैयार किए। बागवानी की आम की ऐसी किस्में तैयार कीं जो जल्दी खराब नहीं होगी, दिखने में भी सुंदर हो, स्वादिष्ट भी हो, जिसको हम एक्सपोर्ट भी कर सकें, एक्सपोर्ट हम कर भी रहे हैं। एक सौ नौ नई किस्में किसान की जिंदगी भी बदलेगी, उनके लाभ को भी बढायेगी और जनता के लिए पोषण की दृष्टि से बहुत उपयोगी होगी। हमारे एक्सपोर्ट को भी बढायेगी।***

श्री चौहान ने कहा कि इन फसलों के बीज जलवायु के अनुकूल है और खराब मौसम में भी अधिक पैदावार दे सकते हैं।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उच्च शिक्षण संस्थानों में अगले दस वर्षो में नामांकन दर पचास प्रतिशत तक बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। कल लखनऊ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन और भावी योजनाओं की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी प्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थानों मे नामांकन दर लगभग पच्चीस प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि एक जिला एक विश्वविद्यालय के लक्ष्य के साथ नामांकन दर बढ़ाने पर भी कार्य किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने माध्यमिक विद्यालयों में पाठ्यक्रमों का भार कम करने, मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालयों के निर्माण कार्य में तेजी लाने और आजमगढ़ स्थित महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय में राहुल सांकृत्यायन के नाम पर शोधपीठ बनाने के निर्देश दिये हैं।

**********

उत्तर प्रदेश अंतराष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी के दूसरे संस्करण का आयोजन आगामी पचीस से उनतीस सितंबर तक होगा। इण्डिया एक्सपो मार्ट ग्रेटर नोएडा में होने वाले इस आयोजन को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में अधिकारियों के साथ बैठक कर के तैयारियों की समीक्षा की । उत्तर प्रदेश अंतराष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी का पहला संस्करण पिछले वर्ष आयोजित किया गया था जिसमें दो हजार प्रदर्शकों और सात देशों से आये पांच सौ से अधिक प्रतिनिधियों समेत तीन लाख से अधिक लोग शामिल हुए थे।

**********

दुनिया भर में आज विश्व हाथी दिवस मनाया जाएगा। हाथियों के संरक्षण और उनसे जुड़ी चुनौतियों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। विश्व हाथी दिवस की शुरूआत हाथियों की घटती संख्या को देखते हुए वर्ष दो हजार बारह में की गयी थी।

**********

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कल लखनऊ में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों और जिला अध्यक्षों के साथ बैठक कर के प्रदेश में होने वाले विधानसभा उपचुनाव के लिए जमीनी तैयारियों की समीक्षा की। बसपा ने उपचुनाव में प्रदेश की रिक्त सभी दस सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारने और पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ने का फैसला किया है। बैठक में बसपा सुप्रीमों ने कहा कि अनुसूचित जाति जनजाति के लोगों को जब आर्थिक नहीं बल्कि सामाजिक और शैक्षिक पिछड़ेपन के आधार पर आरक्षण की सुविधा दी गई है तो क्रीमीलेयर का सवाल उठाना अनुचित है।

**********

आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। राज्य के पर्यटन और संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव और हर घर तिरंगा अभियान के नोडल अधिकारी मुकेश मेश्राम ने 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान में लोगों से बढ़–चढ़ कर प्रतिभाग करने का आह्वान किया है।

***1947 की जो 75 वर्ष पूरे होने पर आजादी का अमृत महोत्सव हमने प्रारम्भ किया अब हम अमृत काल में प्रवेश कर चुके हैं। अपने–अपने घरों में जो झंडा संहिता है, उसमें संशोधन करके सरकार ने नागरिकों को ये अधिकार दे दिया है कि वे अपने घरों पर भी झंडा फहरा सकते हैं। हम 13, 14, 15 अगस्त ये तीन दिन हम से हम प्रत्येक घर के ऊपर तिरंगा झंडा डिस्प्ले करें और राष्ट्रप्रेम की भावना को प्रदर्शित करें। यह भी हमारा संकल्प है इसके लिए साढ़े चार करोड़ घर पूरे प्रदेश में उनकों झंडे उपलब्ध हो जायेंगे। लोग पोस्ट ऑफिस है वहां से खरीद सकते हैं, राशन की दुकानें हैं वहां से क्रय कर सकते हैं। जो पेट्रोल–डीजल पम्प स्टेशन हैं वहां ये खरीद सकते हैं। हमारी भी यह एक अंदर से जिम्मेदारी है कि हम भी झंडे को ये जो प्रतीक है हमारी राष्ट्र की अस्मिता का उसके प्रति आदर–सम्मान का भाव प्रदर्शित करें।***

इस बीच हर घर तिरंगा अभियान के तहत गोरखपुर नगर निगम और गोरखपुर की सभी नगर पंचायतों में आज से राष्ट्रीय ध्वज का वितरण शुरू हो जाएगा। इस अभियान के लिए जिला नगरीय विकास अभिकरण–डूडा को एक लाख राष्ट्रीय ध्वज तैयार करने का लक्ष्य मिला है।

**********

पेरिस में दो सप्ताह तक चले खेलों के महाकुंभ ओलंपिक का कल समापन हो गया। छब्बीस जुलाई से शुरू हुए ओलंपिक में भारतीय खिलाड़ियों ने एक रजत और पांच कांस्य पदक जीते। हॉकी टीम लगातार दूसरे ओलंपिक में पदक जीतने में कामयाब रही तो वहीं निशानेबाज मनु भाकर ने एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतकर इतिहास रच दिया। उधर पेरिस ओलिम्पिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम के सदस्य ललित उपाध्याय का कल उनके गृह नगर काशी पहुंचने पर बड़ी तादाद में वाराणसी वासियों, खेल प्रेमियों और जिला हॉकी संघ के पदाधिकारियों ने मानव श्रृंखला बनाकर ज़ोरदार स्वागत किया। ललित उपाध्याय ने काशी विश्वनाथ धाम पहुंच कर बाबा विश्वनाथ के दर्शन–पूजन कर आशीर्वाद लिया। ललित जिले के भगतपुर गांव के रहने वाले हैं।

**********

आज सावन माह का चौथा सोमवार है। सावन में सोमवार के दिन भगवान भोले शंकर का दर्शन–पूजन और जलाभिषेक करने की विशेष मान्यता मानी जाती है। इसे लेकर आज भोर से ही सभी प्रमुख शिवालयों पर श्रद्धालुओं की लम्बी कतार देखी जा रही है। वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में जलाभिषेक के लिये देश के अन्य कई राज्यों से भी श्रद्धालु पहुंचे हैं। सावन के चौथे सोमवार पर बाबा विश्वनाथ का रूद्राक्ष श्रृगांर किया गया है। अयोध्या, बस्ती, संतकबीरनगर, गोरखपुर, बाराबंकी, अमरोहा और देवरिया सहित प्रदेश के सभी जिलों के प्रमुख शिव मंदिरों में शिव भक्त दर्शन–पूजन और जलाभिषेक कर रहे हैं। इस बीच, प्रदेश में कांवड़ यात्राओं का सिलसिला भी जारी है। अमरोहा में कल जिलाधिकारी के नेतृत्व में कावंड़ियो पर पुष्प वर्षा की गयी।

**********

बीते दो दिन से मानसून पूरे प्रदेश पर मेहरबान है। राज्य के पूर्वी से लेकर पश्चिमी हिस्से तक रूक–रूक कर हल्की और मध्यम बारिश का सिलसिला जारी है। कल प्रदेश में औसतन आठ दशमलव चार मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गयी। सर्वाधिक चालीस दशमलव एक मिलीमीटर बारिश बस्ती में दर्ज की गयी।

**********